कार्यालय–जनपद न्यायाधीश, मेरठ।

निविदा/टैण्डर सूचना

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के पत्रांक 1388/इन्फ्रा सेल इलाहाबाद दिनांकित–08.12.2015 के अनुपालन में एवं माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय के आदेश दिनांक–27.7.2016 के अनुपालन में जिला न्यायालय मेरठ में प्रयोग हेतु 4 वाटर कूलर क्षमता 150 लीटर मय आर0 ओ0 तथा 200 डेजर्ट कूलर्स क्रय किये जाने है।

उपरोक्त वर्णित वस्तुओं की आपूर्ति हेतु आयकर व्यापारकर से मान्यता प्राप्त पंजीकृत फर्मो/विक्रेता/डीलर्स से दिनांक–25.02.2017 को अपराहन् 12:00 बजे तक सील्ड व मुहर बन्द निविदायें/टैण्डर आमंत्रित किये जाते है।

उपरोक्त वर्णित वस्तुओं की विशिष्टियां निविदा हेतु निर्धारित फार्म, निविदा की शर्ते किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक दिनांक–24.02.2017 तक नजारत अनुभाग मेरठ में 100/–रूपये अदा कर प्राप्त किये जा सकते है। निविदा/टैण्डर फार्म के साथ जिला न्यायाधीश मेरठ के पक्ष में देय कुल मूल्य मय वैट व देय टैक्स आदि का 2 प्रतिशत अग्रिम धनराशि का बैंक ड्राफ्ट जिला न्यायाधीश मेरठ के पक्ष में टैण्डर प्रस्तुत करने के समय दिनांक–25.02.2017 को जमा की जायेगी और टैण्डर स्वीकृत होने पर वस्तुओं के कुल मूल्य मय सभी कर का 10 प्रतिशत धरोहर/जमानत राशि संबंधित फर्म द्वारा जमा किया जायेगा।

उपरोक्त वस्तुओ की निर्धारित समय के अन्दर आपूर्ति किये जाने एवं गारन्टी/वारन्टी की अवधि तक आपूर्ति किये गये वस्तुओं की मरम्मत आदि के प्रयोजनार्थ विहित प्रारूप पर क्रय आदेश जारी होने के एक सप्ताह के अन्दर अनुबन्ध निष्पादित करना होगा। निर्धारित फार्म के अतिरिक्त अन्य प्रारूप पर निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। उक्त निविदायें दिनांक–25.02.2017 को 4:00 बजे अपराहन् क्रय समिति के समक्ष तेरह न्यायालय भवन के मीटिंग हाल में खोली जायेगी। निविदायें खोले जाने के समय फर्मो के प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है।

उक्त सूचना एवं निविदा की शर्ते माननीय उच्च न्यायालय की बेवसाईट www.allahabadhighcourt.in तथा जनपद न्यायालय, मेरठ की बेवसाईट www.districtcourtmeerut.nic.in पर भी उपलब्ध है।

24/12/016 — (शिव चन्द)
सदस्य, क्रय समिति
मेरठ।

Vinai Kumar Dwivedi 24/12/16 — (विनय कुमार द्विवेदी)
सदस्य, क्रय समिति
मेरठ।

24.12.16 — (अरूण कुमार मिश्र)
अध्यक्ष, क्रय समिति
मेरठ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को व्यापक प्रचार प्रसार हेतू।

1– नोटिस बोर्ड जनपद न्यायाधीश, मेरठ।

2– नोटिस बोर्ड जिलाधिकारी, मेरठ।

3– नोटिस बोर्ड आयुक्त, मेरठ मण्डल, मेरठ।

4– नोटिस बोर्ड मेरठ विकास प्राधिकरण, मेरठ।

5– समाचार पत्र में निशुल्क प्रकाशन हेतू।

6– कम्प्यूटर विभाग को इस जनपद व माननीय उच्च न्यायालय की बेवसाईड पर अपलोड हेतू।